" दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित वि.वि. साधारण (
"सदस्य नियुक्ति सूचना"
" दिनांक :- 30 अप्रैल 2013"

(5)

## सांची बौद्ध विवि में सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल** | राज्य सरकार ने सांची बौद्ध भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद में सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। संस्कृति विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक परिषद में जवाहरलाल नेहरू विवि दिल्ली के पूर्व कुलपति डॉ. कपिल कपूर, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर सिद्धेश्वर रामेश्वर भट्ट, बुध्दिस्ट एसोसिएशन ऑफ नार्वे के अध्यक्ष एजिल लोथे, मैकगिल विश्वविद्यालय कनाडा के डॉ. अरविंद शर्मा, एनसीईआरटी उत्तरप्रदेश के पूर्व डायरेक्टर प्रो. जेएस राजपूत और स्नातकोत्तर इंस्टीट्यूट ऑफ पाली एंड बुध्दिस्ट अध्ययन केलानिया विश्वविद्यालय श्रीलंका की प्रो. सुमन पाला को सदस्य बनाया गया है।

" दैनिक भास्कर, पृ.क्र. 04"

(6)

## सांची बौद्ध विवि के सदस्य मनोनीत

**भोपाल ( निप्र )।** राज्य शासन ने सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद के छह सदस्य का मनोनयन किया है। सदस्य कला, विज्ञान, साहित्य और लोक-जीवन क्षेत्र से हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के पूर्व प्रति कुलपति डॉ. कपिल कपूर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर ऑफ फि लॉसफी प्रो. सिद्धेश्वर रामेश्वर भट्ट दिल्ली विश्वविद्यालय, एजिल लोथे बुद्धिस्ट एसोसिएशन ऑफ नार्वे के अध्यक्ष, डॉ. अरविंद शर्मा कनाडा, एनसीईआरटी ग्रेटर नोयडा, प्रो. जेएस राजपूत पूर्व डायरेक्टर यूपी और प्रो. सुमन पाला पीजी इंस्टीट्यूट ऑफपाली एण्ड बुद्धिस्ट अध्ययन केलानिया विश्वविद्यालय श्रीलंका शामिल हैं।

" दैनिक जागरण, पृ.क्र. 04"

(7)

## सांची बौद्ध विवि में सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल.** संस्कृति विभाग ने सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान एवं लोक जीवन क्षेत्र से विवि की साधारण परिषद के लिए छह सदस्यों की नियुक्ति की है। जिन सदस्यों की तैनाती की गई है उनमें जवाहरलाल विवि नई दिल्ली के पूर्व प्रति कुलपति डॉ. कपिल कपूर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर ऑफ फिलासफी दिल्ली विवि प्रोफेसर सिद्धेश्वर रामेश्वर भट्ट, बुद्धिस्थ एसोसिएशन ऑफ नार्वे के अध्यक्ष एजिल लोथे, धार्मिक अध्ययन मैकगिल विवि सेंट मानट्रियल कनाडा के संकाय सदस्य डॉ. अरविंद शर्मा, एनसीईआरटी ग्रेटर नोएडा के पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर जेएस राजपूत और इंस्टीट्यूट ऑफ पाली एण्ड बुद्धिस्ट अध्ययन केलानिया विवि श्रीलंका के प्रोफेसर सुमन पाला की नियुक्ति की गई है।

" पत्रिका, पृ.क्र. 02

"दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कुलाधिपति नियुक्ति सूचना"

दिनांक :- 27/04/2013

(1)

## प्रो रिमपोचे सांची बौद्ध विवि में कुलाधिपति

भोपाल (मुसं.)। प्रोफेसर सामडोंग लाबसन्ग तेनजिन रिमपोचे को सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद के अध्यक्ष द्वारा की गई है।

दैनिक जागरण पृ. 14

(2)

## रिमपोचे बने सांची विवि के कुलाधिपति

**भोपाल (आरएनएन)।** राज्य सरकार ने धर्म गुरु दलाईलामा के दूसरे नंबर पर आने वाले गुरु प्रो. सामडोन्ग लाबसन्ग तेनजिन रिमपोचे को सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्ति किया है। इनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। इसके पहले सरकार ने आईपीएस आरके गुप्ता को इस विवि का ओएसडी बनाया था। श्री रिमपोचे बौद्ध धर्म के बहुत बड़े अनुयायी है और यह नियुक्ति संस्कृति विभाग द्वारा की गई है, जबकि किसी विवि में कुलपति की नियुक्ति राजभवन से की जाती है।

राज एक्सप्रेस, द्वितीय मुख्य पृ.

(3)

## रिमपोचे सांची विश्वविद्यालय के कुलपति

**भोपाल (ब्यूरो)।** सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय का कुलाधिपति प्रो. सामडोन्ग लाबसन्ग तेनजिन रिमपोचे को नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद के अध्यक्ष द्वारा की गई है।

नव दुनिया पृ. 06

(4)

## प्रो. रिमपोचे सांची विवि के कुलाधिपति बने

भोपाल

cityreporter.bhopal@patrika.com

प्रो. सामडोंग लाबसंग तेनजिन रिमपोचे को सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सांची बौद्ध एवं भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद के अध्यक्ष द्वारा की गई है। गौरतलब है कि बौद्ध विवि में बौद्ध साहित्य, संस्कृति आदि की शिक्षा दी जाएगी।

### सीएम ने कहा, श्रीलंका में सीता मंदिर के लिए एक करोड़ देंगे

# फीस-किराया सरकार देगी

भोपाल
cityreporter.bhopal@patrika.com

गरीब बच्चे जिनके पास फीस के पैसे नहीं है और वह इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की पढ़ाई करना चाहते है, उनकी फीस भाजपा सरकार भरेगी। गांव के विद्यार्थी जिनको शहर में छात्रावास में जगह नहीं मिलती, वे किराए का मकान लेकर रह सकते हैं। उनका किराया भी सरकार भरेगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को उनके निवास पर आयोजित बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के दौरान की। वहीं श्रीलंका में सीता मंदिर बनाने के लिए एक करोड़ रुपए देने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने जिस मकान में संविधान लिखा है, भारत सरकार से उस मकान को स्मारक बनाने कहेंगे, यदि वह नहीं बनाती है तो मध्यप्रदेश को सौंप दिया जाए।



सीएम हाउस में मंगलवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री।

कार्यक्रम में सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की वेब साइट का लोकार्पण किया गया। श्रीलंका बुद्ध सोसाइटी कोलंबो से आए बुद्ध गुरु बांगल थैरो ने मुख्यमंत्री को श्रीलंका में 9 जुलाई को डाक्टरेट की उपाधि प्रदान के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक जाति, एक धर्म का नहीं, बल्कि सभी जाति व धर्म का आदर करते हैं। इस अवसर पर प्रदेश के गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता, बौद्ध धर्म गुरु सहित सैकड़ों बौद्ध अनुयायी उपस्थित थे।